## जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिनांक 16.02.2024 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

मुख्य विकास अधिकारी, बरेली की अध्यक्षता में दिनांक 16.02.2024 को विकास भवन, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 (कार्यदायी संस्था) टीम लीडर टी0पी0आई0, सहायक अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, व समस्त टीम लीडर आई0एस0ए0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में कुल 02 स्थानों पर अवर जलाशय की भुमि उपलब्ध नही होने के कारण 02 नग योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।
2. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 893 के सापेक्ष 888 नग ट्यूब वेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। शेष 02 नग ट्यूबवेल का निर्माण प्रक्रिया में है एवं 01 नग योजना De-Sanction होने के कारण स्कोप से हटा दी गयी है। भूमि की उपलब्धता के साथ–साथ उक्त कार्यो को अति शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
3. एन0सी0सी0 के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विभिन्न कार्यस्थलों पर जनपद के अन्तर्गत 5050 नग लैवर कार्यरत है एवं 08 कार्यस्थलों पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर नहीं है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में कई बैठकों में निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी सभी कार्य स्थलों पर आवश्यकता अनुसार लेवर उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं तत्काल प्रभाव से सभी कार्यस्थलों पर पर्याप्त लेवर लगाते हुए कार्यो की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये गये एवं सुधार न होने की स्थिति में कार्यवाही हेतु चेतावनी दी गयी।
4. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान का कुल 123 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। यह प्रगति दिसम्बर माह में 85 एवं नवम्बर माह में 64 एवं जनवरी माह में 112 थी। अतः फर्म द्वारा माह में मात्र 11 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। अवर जलाशय के पूर्ण हाने की गति अत्यन्त धीमी है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अवर जलाशय की पूर्ण करने की गति में तत्काल सुधार लाने हेतु फर्म को चेतावनी निर्गत करे एवं फर्म को कार्यो में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया एवं चेतावनी दी गयी कि अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति कर दी जायेगी।
5. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 363 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्देशित किया गया कि सभी राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग का कार्य पूर्ण करते हुए सड़क पुर्नस्थापना का कार्य तीव्र गति से किया जाये।
6. मै0 बी0एल0जी0 को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यो की गुणवत्ता की जांच सही तरीके से की जाये एवं जांच आख्या को पोर्टल पर अपलोड करते हुए कार्यो में सुधार कराना सुनिश्चित किया जाये।
7. जनपद में कार्यरत सभी ISA एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि हैण्ड ओवर की प्रक्रिया पूर्ण होते ही योजनाओं पर यूजर्र चार्जेज जमा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में भविष्य में एजेन्सी के कार्यो का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

23.2.24
मुख्य विकास अधिकारी,
बरेली।

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।
5. समस्त ISA एजेन्सी, बरेली।

23.2.24
मुख्य विकास अधिकारी
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner